मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-484
18/09/2023

# स्व0 सर शिवसागर रामगुलाम जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना 18 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 सर शिवसागर रामगुलाम जी की जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पटना के एक्जीविशन रोड के उत्तरी छोर एवं गांधी मैदान के दक्षिण तीनमुहाने पर स्थित स्व0 सर शिवसागर रामगुलाम जी की आदमकद प्रतिमा के समीप उनकी जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद श्री रवीन्द्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व0 सर शिवसागर रामगुलाम जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन–कीर्तन एवं बिहार गीत का गायन किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। संसद का विशेष सत्र आज से शुरू हो रहा है लेकिन एजेंडा पता नहीं चल रहा है, पत्रकारों के इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग क्या लाने जा रहे हैं, या क्या होगा ये तो बाद में पता चलेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि बिहार में चुनाव जल्द होगा, पत्रकारों के इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग तो पूरे देश में जल्द चुनाव कराना चाहते हैं। जितना जल्दी चुनाव करा दें उतना अच्छा है, हमलोग तो इंतजार कर रहे हैं। हमलोग हर समय चुनाव के लिए तैयार हैं। भारत सरकार को अधिकार है कि संसद का चुनाव पहले भी करा सकती है।

चुनाव आयोग में नियुक्ति को लेकर जो बिल आ रहा है उसमें चीफ जस्टिस को हटाने की बात हो रही है और केंद्र का एक मंत्री रहेगा इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सारी बात आएगी तो उसमें हर कोई अपनी बात रखेगा। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

जदयू और राजद का गठबंधन तेल और पानी के समान है, आपलोग कभी नहीं मिल सकते हैं इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो ऐसा कहते हैं उन्हें बता दीजिए कि यहां कितना विकास हुआ है, गांधी मैदान में बापू की कितनी अच्छी मूर्ति बनी है। स्व0 शिव सागर रामगुलाम जी की मूर्ति बनी है, इनके लड़के भी यहां आए थे। पूरे बिहार का विकास देखिए। बिहार में कितनी अच्छी सड़कें बन गई हैं, पुल बना है। लोगों के हर घर तक नल का जल पहुंच गया। हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है और इसका संचालन बेहतर ढंग से हो रहा

है। गरीब राज्य रहते हुये हमलोगों ने मेहनत करके बिहार में विकास का काम किया है। बिहार के बारे में आज कुछ लोग उल्टा–सीधा बोलते हैं। हमलोग एक साथ हैं तो कुछ लोगों को बेचैनी हो रही है। हमलोग एक–एक चीज पर योजना बनाते हैं और फिर उस पर विकास का काम होता है। हर चीज का मेंटेनेंस समय पर होना चाहिए। आपलोगों की मजबूरी है। जितना काम हमलोग करते हैं उतना आपलोग प्रचार नहीं करते हैं। जब आपलोगों को मौजूदा केंद्र की सरकार से मुक्ति मिलेगी तो आपलोग आजाद होकर अपने मन का लिखिएगा। जो अच्छा लगेगा वो बोलिएगा। हम आपलोगों के पक्ष में हैं। यह आपलोगों का अधिकार है। जैसे लोगों को राजनीति करने का अधिकार है वैसे ही जितने पत्रकार हैं उनको भी अधिकार है जो देखते हैं, उसको लिखने–बोलने का। उनको अपनी बात रखने का अधिकार है। उनलोगों ने सबलोगों को नियंत्रित कर लिया है। जब हम कॉलेज में पढ़ते थे उसी समय से आपलोगों से मेरा पुराना रिश्ता है। जब हमलोग लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी के नेतृत्व में आंदोलन चलाए तो आपलोगों ने कितना साथ दिया था। आपलोग नये लोग हैं हम चाहते हैं कि आपलोग खूब आगे बढ़िए लेकिन आपलोगों पर जबरदस्ती वे लोग कब्जा किए हुए हैं। मुंबई में 'इंडिया' गठबंधन की जो बैठक हुई उसमें 2500 से ज्यादा पत्रकार थे। जब हमने अपनी बात कही तो सारे लोग ताली बजाने लगे और पत्रकार खुश हो रहे थे। जब इनलोगों से मुक्ति मिल जाएगी तो पत्रकार लोग भी आजाद हो जाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी के लोग 'इंडिया' गठबंधन को कोई चुनौती नहीं मानते हैं, पत्रकारों के इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जनता के सेवक हैं। हम किसी को चुनौती नहीं देते हैं। हम जनता के बीच में सारी बात कहते हैं। जो अच्छा काम नहीं करेगा लोग उसके बारे में फैसला लेंगे। 'इंडिया' गठबंधन पूरी तरह एकजुट हैं। कोई दिक्कत नहीं है।

******